72 घंटे बाद आमी नदी में मिला पप्पू का शव

❖ सोहगौरा गांव के पास जलकुंभी में मछली पकड़ने के जाल में फंसा मिला शव ❖एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीमें दो दिनों से चला रही थीं तलाश अभियान

गोरखपुर, ११ नवम्बर। कौड़ीराम के पास आमी नदी में डूबे पप्पू पासवान का शव करीब 72 घंटे बाद बुधवार की सुबह बरामद हुआ। सोहगौरा गांव के पास नदी के उत्तरी हिस्से में जलकुंभी के बीच मछली पकड़ने के जाल में फंसा उसका शव मिला। शव दिखाई देने की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पप्पू पासवान पुत्र स्वर्गीय लोरिक पासवान सोमवार को कौड़ीराम के समीप आमी नदी में डूब गया था। घटना के बाद से ही परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। नदी में डूबने की सूचना मिलने पर प्रशासन की निगरानी में गोताखोरों की टीमें लगातार खोजबीन कर रही थीं। इसके साथ ही पिछले दो दिनों से एसडीआरएफ की टीम भी नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। नदी के अलग-अलग हिस्सों में तलाश के बावजूद पप्पू का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। समय बीतने के साथ परिवार की चिंता बढ़ती जा रही थी। बुधवार की सुबह परिवार के लोग सोहगौरा गांव के पास आमी नदी के उत्तरी हिस्से में उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर जलकुंभी के बीच मछली पकड़ने के जाल में फंसे एक युवक के शव पर पड़ी। पास जाकर देखने पर शव की पहचान पप्पू पासवान के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाने की प्रक्रिया शुरू कराई। करीब तीन दिनों तक चले तलाशी अभियान के बाद शव मिलने से परिवार की उम्मीदें टूट गईं। पप्पू के नदी में डूबने के बाद से ही परिजन उसकी सुरक्षित बरामदगी की आस लगाए बैठे थे। गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने लगातार नदी में तलाश की, लेकिन बुधवार सुबह उसका शव सोहगौरा के पास जलकुंभी में फंसा मिला। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

भैया दूज पर योगी सरकार ने युवाओं और किसान परिवारों को दी बड़ी सौगात

❖ गोरखपुर के 54 अभ्यर्थियों को मिली सरकारी सेवा ❖कलेक्ट्रेट के 45 और मंडलायुक्त कार्यालय के नौ कनिष्ठ सहायकों को मिला नियुक्ति पत्र ❖जिले के 179 किसान परिवारों को पांच-पांच लाख की मदद ❖डीबीटी से 4300 किसान परिवारों के खातों में पहुंचे 215 करोड़ रुपये

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ११ नवम्बर। भैया दूज के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं और किसान परिवारों को सौगात देकर रोजगार, सुशासन और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को एक बार फिर सामने रखा। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें गोरखपुर के 54 अभ्यर्थी शामिल हैं। वहीं, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 4300 किसान परिवारों के बैंक खातों में 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। गोरखपुर के 179 किसान परिवारों को भी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में दस कनिष्ठ सहायकों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें गोरखपुर की अंकिता सिंह भी शामिल रहीं। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करना अंकिता के लिए गौरव और खुशी का विशेष क्षण रहा। प्रदेश के युवाओं को सरकारी सेवा से जोड़ने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गोरखपुर जिले के कलेक्ट्रेट



के 45 और मंडलायुक्त कार्यालय के नौ कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस प्रकार जिले के कुल 54 युवाओं को सरकारी सेवा में काम करने का अवसर मिला है। योगी सरकार की ओर से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही किसान परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 4300 लाभार्थियों के खातों में 215 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे भेजी। प्रत्येक लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता दी गई। डीबीटी व्यवस्था के माध्यम से धनराशि सीधे खातों में पहुंचने से पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान को बढ़ावा मिला है। दुर्घटना के कारण परिवार पर आए आर्थिक संकट के समय यह सहायता उन्हें संबल देने का काम करेगी।गोरखपुर में भी योजना के तहत 179 किसान परिवारों को लाभान्वित किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में ई-डिस्ट्रिक्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा और मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा ने लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इस दौरान सहायक सामान्य लिपिक शिव कुमार मौर्य और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना से जुड़ी करुणा निधि सिंह ई डिस्ट्रिक मैनेजर नीरज श्रीवास्तव सहित संबंधित लेखपाल मौजूद ।

18 को लखनऊ में धरना देगा माशिसं

गोरखपुर, ११ नवम्बर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद की एक आवश्यक बैठक आज प्रेम चन्द पार्क में बलदाऊ द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय मंत्री योगेन्द्र नाथ शुक्ल ने कहा कि आगामी 18 नवम्बर को प्रान्तीय निर्णयानुसार आन्दोलन के तृतीय चरण के क्रम में शिक्षा निदेशालय सिविल कार्यालय 18 पार्क रोड लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार को शिक्षा निदेशक लखनऊ के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। ज्ञापन की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, वित्त विहीन शिक्षकों को कोषागार से 15000 मानदेय, व्यवसायिक शिक्षकों को विनियमितीकरण, माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति सहित 15 मांगें शामिल हैं। बैठक का संचालन मंडलीय मंत्री राकेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर बलदाऊ द्विवेदी, गुलाब सिंह, राजकुमार लाल, सुवाष शाही, प्रशान्त मणि त्रिपाठी, बाल मुकुद लाल कपिल देव मिश्र, ध्रुव नारायण, श्रीप्रकाश तिवारी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का जिला जज, डीएम और एसएसपी ने किया उद्घाटन

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ११ नवम्बर। कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा फरियादियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पुलिस चौकी कलेक्ट्रेट को नया भवन मिल गया है। बुधवार को जिला जज राजकुमार सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से थाना कैंट क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी कलेक्ट्रेट के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने नए भवन का उद्घाटन कर इसे पुलिस चौकी को समर्पित किया। कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस चौकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में फरियादी, वादकारी, अधिवक्ता और विभिन्न कार्यों से आने वाले लोग पहुंचते हैं। ऐसे में परिसर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था संभालने और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान में पुलिस चौकी की जिम्मेदारी अहम होती है। नवनिर्मित भवन से चौकी के पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध होगा। साथ ही फरियादियों को भी अपनी शिकायत और समस्याएं लेकर पुलिस तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।उद्घाटन के अवसर पर जिला जज राजकुमार सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने नए भवन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने चौकी की उपयोगिता और कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। नए भवन के शुरू होने से पुलिसकर्मियों को नियमित कार्यों के संचालन, अभिलेखों के रखरखाव और शिकायतों के निस्तारण के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। कलेक्ट्रेट परिसर में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में भी चौकी की भूमिका और प्रभावी हो सकेगी।

दिव्यांगजनों को आज वितरित किए जाएंगे सहायक उपकरण

गोरखपुर, ११ नवम्बर। सीआरसी एवं एलिम्को गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा गुरुकृपा संस्थान के संयोजन में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम 12 नवंबर को प्रातः 11 बजे खजनी क्षेत्र के भैंसाबाजार स्थित बदरा ग्राम में किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक एवं भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री (गोरखपुर क्षेत्र) बृजेश राम त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को गति देना है। उल्लेखनीय है कि विगत 3 सितंबर को सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय रामसजीले त्रिपाठी की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बदरा ग्राम में दिव्यांगजन उपकरण वितरण हेतु परीक्षण एवं चयन शिविर आयोजित किया गया था। उक्त शिविर में 50 से अधिक दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरण के लिए चयनित किया गया था।

बीआरडी मेडिकल कालेज की पैरामेडिकल छात्रा का फंदे से लटकता मिला शव

गोरखपुर, ११ नवम्बर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल ओटी टेक्निशियन की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने मंगलवार रात कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा की पहचान बस्ती के जैतापुर निवासी जितेंद्र कुमार सिंह की 21 वर्षीय बेटी आशी सिंह के रूप में हुई। वह बीआरडी में ओटी टेक्निशियन की पढ़ाई कर रही थी। चिलुआताल इलाके के फत्तेपुर डिहवा में किराये पर कमरा लेकर रहने वाली आशी दीवाली की छुट्टी घर गई थी। मंगलवार को घर से लौटी थी। बताया जा रहा है कि रात उसकी एक युवक से फोन पर बातचीत हो रही थी। इसी दौरान दोनों के बीच बहस हो गई और फोन कट गया। इसके बाद युवक ने अपनी एक परिचित युवती को फोन कर आशी के कमरे पर जाने को कहा। जब युवती कमरे पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो एक युवक की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर आशी का शव पंखे की कुंडी से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकता मिला। उसे उतारकर बीआरडी के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। चिलुआताल थाना प्रभारी सूरज सिंह ने कहा कि युवती ने किन हालात में खुदकुशी की है इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एम्स के 30 डॉक्टरों ने राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में बढ़ाया संस्थान का गौरव

♦ आईएनआई-सीईटी में अमन राय ने देश में 24वीं रैंक हासिल की, तेजा 46वें स्थान पर,दो डॉक्टर टॉप-50 में शामिल

गोरखपुर, ११ नवम्बर। एम्स गोरखपुर के डॉक्टरों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। आईएनआई-सीईटी (नवंबर 2026 सत्र) और नीट-पीजी 2026 में संस्थान के 30 एमबीबीएस डॉक्टरों ने सफलता हासिल की है। इनमें दो डॉक्टरों ने आईएनआई-सीईटी में देश के टॉप-50 में जगह बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एम्स प्रतिनिधि के अनुसार आईएनआई-सीईटी में डॉ. अमन प्रीतिश राय ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 24 हासिल कर संस्थान में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, डॉ. चोलेटी तेजा ने 46वीं रैंक हासिल कर देश के शीर्ष 50 अभ्यर्थियों में जगह बनाई। डॉ. तेजा ने नीट-पीजी 2026 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 129वीं रैंक हासिल की। इसके अलावा एमबीबीएस 2019 बैच की डॉ. निकिता गुप्ता ने आईएनआई-सीईटी में 120वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया। इस शानदार सफलता पर एम्स की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. विभा दत्ता ने सभी सफल डॉक्टरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों प्रतिष्ठित परीक्षाओं में 30 डॉक्टरों की सफलता और दो का राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-50 में जगह बनाना एम्स गोरखपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने सफल डॉक्टरों के परिवारों और शिक्षकों को भी बधाई दी। अपनी सफलता का अनुभव साझा करते हुए डॉ. अमन प्रीतिश राय ने कहा कि संस्थान में व्यवस्थित इंटर्नशिप, शिक्षकों का लगातार मार्गदर्शन और सहपाठियों के बीच सामूहिक अध्ययन की संस्कृति ने लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने संस्थान के नेतृत्व और सभी शिक्षकों के प्रति आभार जताया।



भोपू बजाने से मना करने पर मारपीट

गोरखपुर, ११ नवम्बर। मंगलवार की शाम एक गांव के चौराहे पर लड़कियों के पीछे भोपू बजाने से मना करने पर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महीमाठ गाँव निवासी पीड़ित सोनू साहनी ने खोराबार थाने पर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है।वही दूसरा पक्ष भी गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दिया है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर जाँच पड़ताल करने में जुटी हुई है। मोतीराम अड्डा प्रतिनिधि के अनुसार खोराबार थाना क्षेत्र के महिमाठ निवासी दुर्गेश प्रसाद का बेटा सोनू साहनी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है।

श्रीनिका को प्रथम राइजिंग स्टार सम्मान

गोरखपुर, ११ नवम्बर। संकल्प समीर साहित्यिक संस्था की ओर से बच्चों में शिक्षा, संस्कार,प्रतिभा और अच्छे गुणों के प्रति आकर्षित करने हेतु दिए जाने वाले पहले राइजिंग स्टार सम्मान 2026 से राजेन्द्र नगर पूर्वी निवासी ओर जी एन नेशनल स्कूल की छात्रा श्रीनिका पुत्री रितेश कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकल्प समीर के सचिव सुधीर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ श्रेय, डा रेणु, रितेश कुमार, डा सृजन, डा मोहिता, नीलम श्रीवास्तव,अनन्या, रितिशा,रौनक अरुंधती, रजनी, अंकिता, दिव्य, मास्टर शौर्य समेत अनेक लोग उपस्थित थे



छठ पर्व: अतिरिक्त सुविधा हेतु 01041 ट्रेन आज इकहरी यात्रा के लिए चली

गोरखपुर, ११ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ पर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 01041 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11 नवम्बर को इकहरी यात्रा के लिए चलाई जा रही है। 01041 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 11 नवम्बर को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 15.30 बजे प्रस्थान कर दादर से 15.46 बजे, ठाणे से 16.14 बजे, कल्याण जं. से 16.42 बजे, इगतपुरी से 18.40 बजे, नासिक रोड से 19.33 बजे, भुसावल से 23.15 बजे, दूसरे दिन खंडवा से 1.50 बजे, इटारसी से 5.05 बजे, भोपाल से 7.10 बजे, बीना जं. से 10.05 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 12.40 बजे, उरई से 14.05 बजे, कानपुर सेंट्रल से 17.50 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 19.55 बजे, बाराबंकी से 21.20 बजे, गोंडा से 22.55 बजे, मनकापुर से 23.30 बजे, तीसरे दिन बस्ती से 35 बजे तथा खलीलाबाद से 1.15 बजे छूटकर गोरखपुर 3.30 बजे पहुँचेगी।

एक बार फिर आईआरसीटीसी के साथ करें 'जन्नत-ए-कश्मीर' की सैर

गोरखपुर, ११ नवम्बर। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। आईआरसीटीसी को स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य स्थानों पर खानपान और आतिथ्य सेवाओं को उन्नत करने एवं पेशेवर बनाने और प्रबंधित करने और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा के रूप में स्थापित किया गया है।यात्रियों की अधिक मांग को देखते हुए, आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा जन्नत-ए-कश्मीर हवाई टूर पैकेज का संचालन किया जा रहा है। यह पैकेज 5 रात एवं 6 दिन का है। जिसमें - श्रीनगर, सोनमर्ग, पहलगाम, गुलमर्ग का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज30 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक चलया जा रहा है। इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से श्रीनगर आने-जाने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। साथ ही खाने-पीने एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल एवं हाउस बोट में की गयी है। यात्रा के दौरान डल झील, बर्फीले पहाड़, गोंडोला केबल कार (सीधे भुगतान के आधार पर), खिलनमर्ग, बेताब घाटी, चंदनवारी, अरु घाटी, शंकराचार्य मंदिर, मुगल गार्डन-निशात बाग, हजरतबल दरगाह आदि का भ्रमण कराया जायेगा। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 43,200/-दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 38,000/-तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 36,400/-माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य रू. 29,200/-बेड सहित एवं मूल्य रू. 26,900/-बिना बेड के होगा। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।


छठ पर्व के लिए विशेष ट्रेन दो फेरो में चलायी जायेंगी

गोरखपुर, ११ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ त्योहार पर यात्रियों अतिरिक्त सुविधा हेतु 08185/08186 छपरा-टाटानगर-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन टाटानगर से 12 एवं 17 नवम्बर को तथा छपरा से 13 एवं 18 नवम्बर को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। 08185 टाटानगर-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 12 एवं 17 नवम्बर को टाटानगर से 18.10 बजे प्रस्थान कर चण्डिल से 19.12 बजे, पुरूलिया जं. से 19.52 बजे, बोकारो स्टील सिटी से 21 बजे, चन्द्रपुरा से 21.32 बजे, धनबाद से 22.45 बजे, चितरंजन से 23.54 बजे, दूसरे दिन मधुपुर से 50 बजे, जसीडीह से 1.30 बजे, झाझा से 2.50 बजे, किऊल से 3.42 बजे, बरौनी से 6.10 बजे, शाहपुर पटोरी से 7.17 बजे, हाजीपुर से 8.23 बजे तथा सोनपुर से 08.35 बजे छूटकर छपरा 10.30 बजे पहुँचेगी।

विराट दंगल में धर्मेन्द्र चौहान ने सुपरवेट का खिताब जीता

❖ माड़ापार मैं प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 100 से अधिक पहलवानों ने दिखाई ताकत ❖120 वर्षों से चौरी चौरा के माड़ापार में हो रही विराट दंगल

गोरखपुर, ११ नवम्बर। सोनबरसा चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के माड़ापार में स्व. वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ झिनु सिंह के गांव में सोमवार को प्रदेश स्तरीय प्राइज मनी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस एक दिवसीय विराट दंगल प्रतियोगिता में अलग-अलग भार वर्ग में पहलवानों ने दमखम दिखाया। कुश्ती की शुरुआत पहलवानों का वजन सुबह 8 से 10 बजे तक माड़ापार स्थित आयोजक के आवास पर हुआ, उसके बाद कुश्ती के मुकाबले शुरू कर दिए गए। सभी मुकाबले ओलंपिक नियमों के अनुसार मिट्टी के अखाड़े पर आयोजित हुआ। आयोजक दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपू सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए आभार जताया। सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार फाइनल राउंड कुश्ती प्रतियोगिता में कृष्णानगर अखाड़ा गोरखपुर के धर्मेन्द्र चौहान ने जीत हासिल कर सुपरवेट का खिताब जीता। सुपरवेट के लिए 87 से 125 किग्रा भार वर्ग में फाइनल में धर्मेन्द्र चौहान ने रेलवे स्टेडियम के वीरेश कुंदू को चित करके जीत दर्ज किया। वीरेश कुंदू ने डेरवा के आकाश यादव को हराकर दूसरे स्थान पर रहे। आकाश यादव व रेलवे स्टेडियम के आनंद तीसरे स्थान पर रहे। 75 से 86 किग्रा भार वर्ग में फाइनल में गोरखपुर छात्रावास के सौरभ यादव ने आशीष नंदानगर को हरा करके प्रथम स्थान पर रहे। आशीष ने रेलवे स्टेडियम के विवेक को हराकर दूसरे स्थान पर रहा। वहीं कृष्णानगर के आदित्य व विवेक तीसरे पर रहे। 62 से 74 किग्रा भार वर्ग में कृष्णानगर अखाड़ा गोरखपुर के जनार्दन यादव पहला स्थान, संतकबीरनगर के आशीष यादव दूसरा स्थान, डेरवा के जितेन्द्र व रेलवे स्टेडियम के सतवीर यादव तीसरे स्थान पर रहे। 50 से 61 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्णानगर अखाड़ा गोरखपुर के अनुज यादव को पहला स्थान, गोरखपुर छात्रावास के आदित्य यादव को दूसरा स्थान, तथा बहरामपुर के अभिषेक व पक्कीबाग के शिवानन्द को तीसरा स्थान मिला। सभी भार वर्गों के विजेता पहलवानों को प्रथम पुरस्कार बीस हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार दस हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार पांच-पांच हजार रुपये दिए गए। इसके अतिरिक्त हर राउंड में हारने वाले पहलवानों को भी उत्साहवर्धन पांच सौ रूपये नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष भारतीय कुश्ती संघ एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा माड़ापार की मिट्टी से निकलकर एक बेटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर सिर्फ गोरखपुर ही नहीं, पूरे पूर्वांचल का मान बढ़ाया है। यह तो बस शुरुआत है। अगर यहां के बच्चों को सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले, तो इस मिट्टी से ऐसे कई और चैंपियन निकलेंगे जो दुनिया में देश का परचम लहराएंगे। इस दौरान समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ टप्पू सिंह, पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम, राज्य मंत्री बेचन राम, संचालक,कोच चन्द्र विजय सिंह, आदि मौजूद रहे।



एक सौ एक बेटियों की 29 को शादी करायेगा नई दिशा फाउंडेशन

❖ संस्थापिका अध्यक्ष सुधा मोदी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी, आमंत्रण पोस्टर भी लांच

गोरखपुर, ११ नवम्बर। नई दिशा फाउंडेशन ने 101 गरीब एवं जरूरतमंद बेटियों का विवाह कराने का संकल्प लिया है। आगामी 29 नवंबर को बैंक रोड स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज परिसर में भव्य सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। निमंत्रण के रूप में तैयार किए गए पोस्टर का विमोचन भी किया गया। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में आयोजित पत्रकार वार्ता में नई दिशा फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष सुधा मोदी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था इस आयोजन को भव्य, गरिमामय और यादगार बनाने के लिए तैयारियों में जुट गई है। संस्था की कोशिश है कि कोई भी बेटी आर्थिक मजबूरी के कारण विवाह से वंचित न रहे। 101 बेटियों का सामूहिक विवाह इसी सेवा भावना और सामाजिक दायित्व का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में बेटियों को आवश्यक दान-दहेज एवं गृहस्थी से जुड़ी सामग्री देकर सम्मानपूर्वक विदाई की जाएगी। वहीं, बारात लेकर पहुंचने वाले वर पक्ष के लोगों का फाउंडेशन के सदस्यों की ओर से पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया जाएगा। बारातियों के लिए भोजन की भी उत्तम व्यवस्था की गई है। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़ी विशिष्ट हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्य रूप से मंकेश्वर पांडेय, अशोक मोदी, नवीन अग्रवाल, मंजू बाला अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।

